**एम्स नई दिल्ली, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) नई दिल्ली की ओर से,** मुख्यालय/केंद्रों/संस्थानों के वैज्ञानिक-बी (नॉन-मेडिकल) के पदों की सीधी भर्ती के लिए निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

## महत्वपूर्ण तारीखें:

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन पंजीकरण करने की अंतिम तारीख** | **01 मार्च, 2026<br>सायं 5:00 बजे तक** |

**महत्वपूर्ण सूचना**

- कृपया ऑनलाइन आवेदन को सावधानीपूर्वक भरें। हो सकता है कि बताए गए अनुसार परिवर्तन करना संभव न हो।
- सभी आवेदकों से अनुरोध है कि आवेदन करने से पहले विज्ञापन के विवरण, पदों और पात्रता के बारे में अवश्य पढ़ लें तथा यह सुनिश्चित कर लें कि आवेदन करने से पूर्व वे पात्रता के सभी पहलूओं की शर्तों को पूरा करते हैं।
- अभ्यर्थी की पात्रता अनंतिम होगी और केवल आवेदन पत्र भरने और परीक्षा में उपस्थित होना पात्रता की वैधता के रूप में मान्य नहीं होगा और प्रस्तावित पद का कार्यभार ग्रहण करने के बाद सहित, भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी प्रकार की अयोग्यता पाए जाने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
- परीक्षा अनुभाग, एम्स नई दिल्ली केवल परीक्षा आयोजित करने वाली एक संस्था है और नियुक्ति आईसीएमआर, नई दिल्ली के निर्णय के अधीन होगी।

| विवरण | .......से आरंभ | .......को समाप्त |
|---|---|---|
| **विस्तृत विज्ञापन अपलोड करने की तारीख और आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण की शुरुआत करने की तारीख** | 02 फरवरी, 2026 | 01 मार्च, 2026 |
| **परीक्षा में उपस्थिति की स्वीकृति के लिए आवेदन-प्रपत्र की स्थिति की तारीख** | 10 मार्च, 2026 | |
| **सरकारी/अर्ध-सरकारी/अर्ध-स्वायत/सार्वजनिक उपक्रम/स्वायत्त निकायों या किसी भी सरकारी वित्तपोषित संस्थान में कार्यरत आवेदकों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) जमा करना आवश्यक है।** | 10 मार्च, 2026 | |
| **आवेदन पत्र में सुधार करने की अनुमति की तारीख** | 10/02/2026 | 13/03/2026 (5.00 बजे तक) |
| **परीक्षा केंद्र का शहर** | केवल दिल्ली/एनसीआर | |
| **प्रवेश-पत्र जारी करने की तारीख** | बाद में घोषित किया जाएगा | |
| **कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) की तारीख** | बाद में घोषित किया जाएगा | |

**आवेदन-शुल्क:**

क) सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी - 3000/- रुपये (मात्र तीन हजार रुपये)

ख) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी - 2400/- रुपये (मात्र दो हजार चार सौ रुपये)

ग) दिव्यांगजन - छूट है।

- अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन शुल्क डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। बैंक को देय लेन-देन/प्रसंस्करण शुल्क, यदि कोई है, तो अभ्यर्थी को देना होगा।
- एक बार जमा किया हुआ आवेदन शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।
- निर्धारित शुल्क के बिना आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा उसे तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

चिन्हित/निर्धारित हैं, अतः दिव्यांग **अभ्यर्थी दिव्यांगजन कोटे** के अंतर्गत चिन्हित और ऐसे पदों के सामने उल्लेखित पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। **विज्ञापित दिव्यांगजन श्रेणियों का विवरण निम्नानुसार है-**

क. अंधापन व दृष्टिबाधिता।

ख. बधिरता व सुनने में कठिनाई।

ग. गतिशीलता संबंधी विकलांगता

**घ.** ऑटिज्म, बौद्धिक विकलांगता, विशिष्ट अधिगम विकलांगता व मानसिक रोग

**ङ.** बधिर अंधत्व समेत क से घ तक आने वाले लोगों में बहुविकलांगता।

**महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों के लिए अनुलग्नक-IV देखें**

## 5. परीक्षा केंद्र

भर्ती परीक्षा केवल दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र में ही आयोजित की जाएगी।

## 6. प्रवेश-पत्र

I. प्रवेश-पत्र परीक्षा की तारीख से 5 दिन पहले जारी किया जाएगा।

II. प्रवेश-पत्र परीक्षा अनुभाग (एम्स, नई दिल्ली) की वेबसाइट **www.aiimsexams.ac.in** पर जारी किया जाएगा। अभ्यर्थियों को वेबसाइट **www.aiimsexams.ac.in** पर लॉगिन करके अपना प्रवेश-पत्र डाउनलोड करना है। कोई भी प्रवेश पत्र डाक द्वारा नहीं भेजा जाएगा।

III. अभ्यर्थियों को परीक्षा के दिन वेबसाइट से डाउनलोड किया हुआ अपना प्रवेश पत्र परीक्षा केंद्र पर लाना है और परीक्षा में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए निरीक्षक को सौंपना है। ऐसा करने में असफल रहने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

## 7. परीक्षा का पैटर्न, योजना और पाठ्यक्रम

**परीक्षा की योजना**

1. **चरण-I: लिखित/कंप्यूटर आधारित परीक्षा ;**
2. **चरण-II: साक्षात्कार।**

**1. चरण-I: लिखित/कंप्यूटर आधारित परीक्षा – 100 अंक**

वस्तुनिष्ठ प्रकार के 100 प्रश्नों का एक प्रश्न-पत्र होगा। प्रत्येक प्रश्न में 4 विकल्प होंगे, जिनमें से एक सही विकल्प होगा।

प्रत्येक सही उत्तर पर 1 अंक मिलेगा और गलत उत्तर पर 1/3 अंक काटा जाएगा।

अनुत्तरित प्रश्नों या समीक्षा हेतु चिह्नित प्रश्नों के लिए कोई अंक प्रदान नहीं किए जाएंगे।

100 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का वितरण निम्नानुसार है:

अनुसंधान पद्धति (मूल सिद्धांत), मूल जैव-सांख्यिकी, नैदानिक एवं स्क्रीनिंग परीक्षणों की वैधता एवं विश्वसनीयता, जैव-नैतिकता, संचारी रोग, असंचारी रोग, प्रजनन एवं बाल पोषण, तार्किक तर्कशक्ति, सामान्य ज्ञान तथा अंग्रेजी भाषा योग्यता के क्षेत्र/विषय से 100 प्रश्न पूछे जाएंगे।

**नोट: लिखित परीक्षा/सीबीटी (चरण-I) केवल अर्हकता प्रकृति की होगी और अंतिम चयन/योग्यता सूची अभ्यर्थियों के केवल साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर ही तैयार की जाएगी।**

जब तक अन्यथा स्पष्ट रूप से उल्लेख न किया गया हो, पात्रता निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तारीख आवेदन की अंतिम तारीख होगी।

**अर्हता मानदंड:**

सीबीटी/लिखित परीक्षा (चरण-I) में **50% या उससे अधिक अंक** प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को चरण- II अर्थात साक्षात्कार के लिए पात्र माना जाएगा। यद्यपि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांगजन श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए कट-ऑफ अंक **45%** होंगे।

**iii)** हालाँकि, मामले की गंभीरता के आधार पर, निदेशक, एम्स, नई दिल्ली, के निदेशक विवेकानुसार परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों के उपयोग के लिए नोटिस जारी किए बिना/कारण बताए बिना उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते है, और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

कोई भी व्यक्ति जो एम्स, नई दिल्ली द्वारा किसी अभ्यर्थी (अभ्यर्थियों) के साथ मिली भगत करके उपरोक्त खंड 24 क से 24 द में सूचीबद्ध किसी भी गलत कार्य को करने या उसमें सहयोग करने का दोषी पाया जाता है, तो वह खंड 24 ध के अनुसार कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा।

## 10.कानूनी क्षेत्राधिकार

विज्ञापित पद के किसी भी पद पर चयन हो जाने के बाद, नियुक्ति का स्थान आईसीएमआर, नई दिल्ली के अधीन या संबंधित आईसीएमआर, जहां एम्स, नई दिल्ली केवल परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था है, के लागू नियमों के अनुसार होगा और सीटों का आवंटन संबंधित संस्थान द्वारा सूचित रिक्तियों के अनुसार योग्यता और अनंतिम रूप से योग्य अभ्यर्थियों की **मेरिट** एवं **चुनाव** के आधार पर किया जाएगा। एम्स, नई दिल्ली भर्ती नियमों, किसी प्रकार की छूट/राहत, नियुक्ति में विलंब, पात्रता के आधार पर अस्वीकृति, दस्तावेज़ सत्यापन, समयावधि में विस्तार, सीटों की वापसी अथवा अन्य किसी भी प्रकार की समस्या के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

इस सदर्भ में, किसी भी मामले से संबंधित कोई भी विवाद केवल दिल्ली न्यायलयों के न्यायालयी अधिकार क्षेत्र में ही होगा।

## 12. अनुलग्नक-I: पात्रता

| क्र. सं. | पद नाम | आयु-सीमा | अर्हकता |
|---|---|---|---|
| 1 | वैज्ञानिक-बी (नॉन-मेडिकल)<br>स्तर-10 (56,100-1,77,500 रुपये)<br>(7वें सीपीसी स्केल) | अधिकतम 35 वर्ष | **<u>शैक्षणिक अर्हकताएं:</u>**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जैव-चिकित्सा विज्ञान विषय में स्नातकोत्तर डिग्री।<br>**<u>वांछनीय:</u>**<br>सरकारी /निजी संस्थानों में जैव-चिकित्सा विज्ञान में पद से अपेक्षित कार्यों से संबंधित अनुसंधान एवं विकास का अनुभव। |
| 2 | वैज्ञानिक-बी (नॉन-मेडिकल-आईटी/कम्प्यूटर विज्ञान)<br>स्तर-10 (56,100-1,77,500 रुपये)<br>(7वें सीपीसी स्केल) | अधिकतम 35 वर्ष | **<u>शैक्षणिक अर्हकताएं:</u>**<br>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एमई/एम.टेक (कंप्यूटर विज्ञान)<br>अथवा<br>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एमई/एम.टेक (कंप्यूटर विज्ञान)/एमसीए या 4 वर्षीय बी.ई. या बी.टेक या बी.एससी (इंजीनियरिंग) (कंप्यूटर विज्ञान/आईटी) के साथ सूचना प्रौद्योगिकी/कंप्यूटर विज्ञान से संबंधित विषय में पीएच.डी।<br>**<u>वांछनीय:</u>**<br>सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/निजी संस्थानों में कार्य की आवश्यकता से संबंधित जैवचिकित्सा विज्ञान से जुड़े अनुसंधान एवं विकास का अनुभव। |
| 3 | वैज्ञानिक-बी (नॉन-मेडिकल-फार्माकोलॉजी) | अधिकतम 35 वर्ष | **<u>शैक्षणिक अर्हकताएं:</u>**<br>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से फार्मेसी (फार्माकोलॉजी) में स्नातकोत्तर।<br>अथवा<br>यूजीसी/पीसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त फार्म-डी डिग्री। |

